प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित

लक्ष्य के साथ कॅरियर निर्माण संभव-कस्वा

लाडनूं 27 मई

जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय के कॅरियर काउन्सलिंग सैल के तत्वावधान में आयोजित विविध ग्रीष्मकालिन कक्षाओं के प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन एसडी घोडावत ऑडिटोरियम में समारोह पूर्वक किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्बा ने प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य के साथ कॅरियर निर्माण करना जरूरी ह। कस्वा ने कहा कि विद्यार्थी जैन विश्वभारती संस्थान के ग्रीष्मकालिन कोर्सेस के माध्यम से लाडनूं एवं आस पास क्षेत्र के विद्यार्थी भाग ले रहे है, उन्होने कहा कि इन कोर्सेस के माध्यम से विद्यार्थी अधिकाधिक संख्या में लाभ उठाये। उन्होने संस्थान द्वारा संचालित विविध कोर्सेस को कॅरियर निर्माण के लिए उपयोगी बताते हुए जीवन निर्माण का माध्यम बताया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति समणी चारित्रप्रज्ञा ने कहा कि ज्ञान के साथ संस्कार निर्माण इस संस्थान का ध्येय है विद्यार्थियों में प्रारम्भ से ही संस्कारों का निर्माण उसके भावी विकास का संकेत है। उन्होने कहा कि शिक्षा के साथ हुनर का विकास करना भी जीवन को बहुपयोगी बनाना है। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो अनिलधर ने स्वागत वक्तव्य देते हुए ग्रीष्मकालिन कक्षाओं को व्यक्तिव विकास का माध्यम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित समणी नियोजिका डॉ ऋजुप्रज्ञा ने विद्यार्थियों को इन कक्षाओं के माध्यम से कॅरियर के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर मार्शल आर्ट की प्रस्तुति प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ मनीषा चौधरी, निशा राठौड, नवज्योति चारण, तेजस भटनागर, उत्तम भाटी, अनमोल दाधीच, हिमानी राठौड, आर्यन दाधीच, जयवर्द्वन सिंह राठौड, डोली मारू आदि विद्यार्थियों द्वारा अनुभव प्रस्तुत किये गये। केरियर काउन्सलिंग सैल के समन्वयक डॉ जुगलकिशोर दाधीच ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए आभार व्यक्त किया। संयोजन डॉ युवराजसिंह खंगारोत ने किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किये गये। कार्यक्रम में दीपाराम खोजा, राजेन्द्र खटेड, पंकज भटनागर, डॉ वीरेन्द भाटी मंगल रामकैलाश जोशी, दीपक माथुर, पूजा जैन आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

-डॉ वीरेन्द्र भाटी मंगल,
जनसम्पर्क समन्वयक,
जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय, लाडनूं